श्री राम तेरी जय | Mukesh Kumar

श्री राम की आरती कर लो
भक्ति से झोलियाँ भर लो
सियाराम जी की जय
प्रभु राम जी की जय
श्री राम जी की जय
मेरे राम जी की जय

काँधे पर धनुष है साजे
सिया लखन है संग विराजे
सुन्दर प्रभु राम की काया
फीका चंदा भी लागे
पुष्प माल गल सोहे
मृदंग मजीरा बाजे
सजी धूप बाती की थाली
महिमा श्री राम की निराली
सियाराम जी की जय
प्रभु राम जी की जय
श्री राम जी की जय
मेरे राम जी की जय

चरणन में शीश झुकावे
हम आरती तेरी गावे
है वस्त्र पीताम्बर धारा
प्रभु महिमा तेरी गावे
तीनो लोक में गूँज रहे
राम नाम जैकारे
तुम हो स्वामी हम बालक
हम नाव तुम्ही संचालक
सियाराम जी की जय
प्रभु राम जी की जय
श्री राम जी की जय
मेरे राम जी की जय

हे अवध राम रघुवीरा
मन से अविकार मिटाओ
हर लो भक्तों की पीड़ा
दर्शन तो हमें दिखाओ
चरणों में हमें रखना
अँधियारा ये मिटाओ
हम आरती तेरी गायें
मिलकर के ध्यान लगाएं
सियाराम जी की जय
प्रभु राम जी की जय
श्री राम जी की जय
मेरे राम जी की जय

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%9c%e0%a4%af-mukesh-kumar/